52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.2°c | अधिकतम 32.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:45 सूर्यास्त : 7:02 | वर्ष : 52/ अंक : 223 | सोमवार, 12 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

दुनिया के बारे में सोचने से कुछ नहीं मिलता। सुनना ही है तो अपने मन की आवाज सुनो वो आपको आपके लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करेगी।

भाजपा के कार्यकर्ता अराजकता फैलाने में लगे हैं : माता प्रसाद पाण्डेय

जबकि यह उनका काम नहीं है.....

बारिश का कहर : करंट से महिला ने गंवाई जान

- झमाझम बारिश से नगर की सड़कें बन गई नाला, लोग बेहाल
- पानी के तेज बहाव में दुपहिया वाहनों का रहा बुरा हाल
- छोटे बच्चों और किशोरों ने जमकर उठाया बारिश का लुत्फ
- शिवचौक के आसपास घंटों तक लगा रहा वाहनों का जाम

पानी से लबालब शहर

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। रविवार शाम हुई मूसलाधार बारिश आम जनमानस के लिए जरूर राहतभरी रही, मगर कुछ लोगों पर कहर बनकर टूटी। बारिश के कारण शहर की सड़कें और गलियां जलमग्न रहीं तो वहीं बाजार भी पानी से लबालब नजर आए। एसडी मार्किट समेत कई बाजारों में दुकानों के अंदर पानी घुसने के कारण व्यापारियों को लाखों का नुकसान भी सहन करना पड़ा, जबकि शहर से सटे गांव मुस्तफाबाद में पानी में उतरे करंट के कारण एक महिला और उसकी गाय की मौत हो गयी। जलभराव के कारण बड़ी संख्या में दुपहिया व चौपहिया वाहन पानी के बहाव के चलते गाड़ियों के साथ ही स्कूटर-मोटर साइकिलें पानी भर जाने के कारण बीच में बंद हो गई। वहीं पालिका क्षेत्र के निचले इलाकों में लोगों के घरों में पानी भर गया। हालांकि रविवार को मौसम विभाग के जारी आंकड़ों में मात्र 20 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि देर सायं तक जारी बारिश से तमाम लोगों का बुरा हाल दिखाई दिया। उधर, बारिश से फसलों को लाभ होगा।

श्रावण माह के पहले दिन से ही रिमझिम और झमाझम बारिश के बीच जनपदभर में मौसम प्रायः सुहाना बना हुआ है। इस बीच कुछेक दिनों को छोड़ दिया जाए तो इस बार बारिश में किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाने के साथ आमजन को राहत भरा इस बीच साबित रहा। रविवार को करीब चार दिनों बाद सायं को शुरू हुई बारिश ने मौसम को फिर से सुहाना कर दिया। रविवार को इस कड़ी में सायं साढ़े चार बजे शुरू हुई झमाझम बारिश से नगर के हृदय स्थल शिवचौक के साथ ही मीनाक्षी चौक, प्रकाश चौक, झांसी की रानी, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी समेत भोपा रोड, मंडी, गांधी कालोनी, सुभाषनगर, सरवट, केशवपुरी, खालापार, किदवईनगर, जनकपुरी, रामपुरी समेत अन्य निचली बस्तियों में जलभराव हो गया। इसके साथ ही शिवचौक समेत अन्य बाजारों में इस बीच दुकानों और कई अन्य मौहल्लों में घरों में पानी भर गया। इसके साथ मुख्य बाजारों से गली-मौहल्लों में आवागमन भी बाधित हो गया। मौसम में आए देर सायं बदलाव के चलते जिले में हालांकि मौसम विभाग के पैमाने पर समय सीमा की बाध्यता के चलते अधिक बारिश रिकॉर्ड नहीं की जा सकी। हालांकि इस बीच बारिश ने शहर में हुए नाला सफाई के कार्य की भी पोल खोल दी। मौसम में आए बदलाव के बीच बारिश से अधिकतम मौसम 30.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि बारिश 20 एमएम रिकॉर्ड की गई। नगरीय क्षेत्र में सायं के वक्त बारिश से जलभराव के कारण शहर में मुख्य मार्गों से लेकर गली मौहल्लों तक के रास्तों पर जाम लगा रहा। इसके चलते यातायात व्यवस्था बेपटरी होती नजर आई। घास मंडी, अंसारी रोड, रुड़की रोड के साथ गली मौहल्लों की सम्पर्क गलियों में भी जाम की स्थिति बनी रही। देर सायं शुरू हुई बारिश से रविवार को घंटों तक जारी बारिश से जहां एक ओर जलभराव के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच बारिश का लुफ्त उठाने को छोटे बच्चों के साथ किशोर मुख्य बाजारों से गली-मौहल्लों में बारिश में भिगते दिखाई दिए।

मुस्तफाबाद में करंट से महिला की मौत के विरोध में ग्रामीणों ने किया हंगामा

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। शहर से सटे मुस्तफाबाद में रविवार शाम हुई बारिश के दौरान बिजली खम्भे में उतरे करंट की चपेट में आने से एक महिला व उसकी गाय की मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कार्यवाही की मांग को लेकर हंगामा प्रदर्शन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शान्त किया।

शहर और देहात में उमस के बीच रविवार शाम को हुई बारिश ने लोगों को राहत तो दी, लेकिन मुस्तफाबाद गांव में अनहोनी भी हो गयी। दरअसल बारिश के दौरान प्रमोद की पत्नी बबली अपनी गाय को लेकर पैदल ही घर आ रही थी। रास्ते में ट्रांसफॉर्मर के पास लगे बिजली खम्भे में आ रहा करंट सड़क पर एकत्र हुए पानी में भी उतर गया। करंट लगने से पहले तो गाय की जान गयी इसके बाद बबली को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। इस खबर के बाद एकत्र हुए ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजे और बिजली अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

▸ बिजली के खम्भे में आए करंट से हुई अनहोनी, ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया हंगामा

को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर नई मण्डी कोतवाली निरीक्षक बबलू सिंह वर्मा और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को मुआवजे का आश्वासन देकर शान्त किया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

टोल फ्री कराने पहुंचे किसान यूनियन के 7 लोग गिरफ्तार

- छपार टोल प्लाजा पर भाकियू आन्दोलनकारी ने जमकर किया था हंगामा
- पुलिस ने आरोपी यूनियन नेताओं को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान

छपार, 11 अगस्त (बु.)। छपार टोल प्लाजा पर गुंडागर्दी के खिलाफ धरना देकर टोल फ्री कराने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर एक दर्जन नेताओं को पकड़ लिया। जिनमें सात लोगों का शांतिभंग में छपार पुलिस ने चालान कर दिया। भारतीय किसान यूनियन आंदोलनकारी के युवा प्रदेश अध्यक्ष शाकिर मुखिया ने डीएम को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि छपार टोल प्लाजा पर गुंडागर्दी का आलम है। छपार थाने के एक दरोगा का रिश्तेदार टोल का मैनेजर बनाया गया है, जिसके कारण पुलिस का भी टोलकर्मियों को संरक्षण प्राप्त हुआ है। उक्त मामले को लेकर रविवार में शाकिर मुखिया के नेतृत्व में दर्जनभर उक्त किसान संगठन के लोग छपार टोल प्लाजा पर पहुंचे थे। सांय पांच बजे के लगभग नाराज नेताओं ने टोल फ्री कराने का प्रयास किया, जिसके बाद छपार पुलिस मौके पर पहुंची तथा दर्जनभर लोगों को पुलिस ने पकड़ थाना छपार ले आया गया। पुलिस ने शाकिर मुखिया निवासी नंगला राई थाना चरथावल, आसिफ पुत्र नसीम निवासी बरला, अजीम पुत्र अफजाल, दानिश पुत्र यासीन, प्रवेज पुत्र हमीद निवासीगण छपार, आमिस पुत्र कल्लू निवासी गांव बढ़ीवाला थाना छपार, नौमान पुत्र नय्यूम निवासी गांव अंबेहटा थाना बड़गांव जिला सहारनपुर को पकड़ शांतिभंग में चालान कर न्यायालय ले जाया गया। बता दें कि इन दिनों जिले के टोल प्लाजा सुर्खियों में हैं। रोजमर्रा होने वाली मारपीट की घटनाएं पहले से ही पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं। इसके अलावा किसान यूनियन से जुड़े लोग टोल को लेकर रोजमर्रा हंगामा प्रदर्शन करते रहते हैं। रविवार को भी आन्दोलनकारी भाकियू ने दबाव बनाने के लिए टोल प्लाजा पर टोल फ्री कराने का प्रयास किया था, जिससे वहां फसाद होने का अंदेशा बढ़ गया था। पुलिस ने पहली बार कार्यवाही करते हुए जबरन टोल को फ्री करा रहे सात लोगों को पकड़ लिया।

पति ने गला रेतकर की पत्नी की नृशंस हत्या

- मासूम बच्ची के पास सवेरे खून से लथपथ मिला अभागी नरगिस का शव
- पहले पति ने दे दिया था तलाक, बहन के देवर से परिजनों ने की थी दूसरी शादी

शामली, 11 अगस्त (बु.)। झिंझाना क्षेत्र के गांव मंसूरा में शनिवार की देर रात पति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पास ही मौजूद एक साल की मासूम बच्ची बिलखती रह गई और हत्यारा फरार हो गया। युवती के परिजनों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

परिजनों ने बताया कि करीब ढाई वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री नरगिस की शादी गांव मंसूरा निवासी इसराइल के साथ की थी, आरोप है कि तभी से ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। एक सप्ताह पूर्व भी मारपीट की गई थी। मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे थे और थाने में तहरीर दी थी। वे अपनी बेटी को घर ले आए थे। एक दिन पहले ही इसराइल आया था। उसने माफी मांगी थी तो बेटी को उसके साथ भेज दिया था। सीओ कैराना अमरदीप मौर्य ने बताया कि शनिवार देर रात इसराइल ने नरगिस को बुरी तरह प्रताड़ित किया और उसका गला रेतकर फरार हो गया। सुबह होने पर बच्ची के रोने की आवाज आई तो अन्य घरवाले कमरे में पहुंचे। वहां नरगिस का गला रेता हुआ शव पड़ा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आला कत्ल की भी तलाश की जा रही है। पिता ताहिर ने इसराइल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसराइल की तलाश में दबिश देने के लिए टीम गठित की गई है।

थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह के अनुसार गांव मंसूरा निवासी ताहिर ने अपनी पुत्री नरगिस की शादी चार वर्ष पूर्व कस्बा कांधला निवासी सलमान पुत्र अनवर के साथ बड़ी धूमधाम के साथ की थी। लेकिन पति ने बेटी को प्रताड़ित किया। शादी के छह माह बाद ही तलाक दे दिया। इसके बाद बेटी सहित परिवार के लोगों पर गमों का पहाड़ टूट गया। तलाक के करीब एक वर्ष बाद नरगिस के पिता ने गांव में ही दूसरी बड़ी बेटी के देवर इसराइल पुत्र मेंहदा के साथ शादी कर दी थी, लेकिन नरगिस को यहां भी सुख नहीं मिला। पति द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा। इसी बीच उसने पुत्री को जन्म दिया। जो अब सात माह की है। परिजनों के मुताबिक दूसरा पति उसे जब भी परेशान करता, तो वे उसे सहन करने को ही कहते थे। एक सप्ताह पूर्व पति से झगड़े के कारण वह अपने मायके चली आई थी। गत दिवस इसराइल अपनी गलती मानते हुए उसे अपने घर ले आया था। रविवार सुबह नरगिस की हत्या की सूचना मिली, तो परिजनों में कोहराम मच गया। हत्या के आरोपी पति इसराइल की मां ने बताया कि सुबह इसराइल सवेरे ही उठ गया था, वो अपने कमरे से निकलकर उनसे मिला और उसने अपनी मां से कहा कि मेरे सिर पर हाथ रख दे, मैं कहीं दूर जा रहा हूं। मैंने पूछा भी लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। घर से बाइक लेकर कहीं चला गया। इसके बाद वो कमरे में गई तो नरगिस की हत्या का पता चला।

ट्रांसपोर्टर की ऑफिस में ही पिटाई, वीडियो हुई वायरल

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। ट्रांसपोर्टनगर में ट्रक की खरीद फरोख्त के लेनदेन के विवाद में ट्रांसपोर्टर की ऑफिस में घुसकर पिटाई कर दी गई। पिटाई की वीडियो वायरल होने के बाद मंडी पुलिस जांच कर कार्यवाही की बात कह रही है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मखियाली निवासी जावेद का ट्रांसपोर्टनगर में ट्रांसपोर्ट का काम है। मारपीट की यह घटना दो अगस्त की बताई गई है। ट्रांसपोर्टर जावेद अंली की माने तो उसने रामपुरी के एक शख्स से 12 टायरा ट्रक खरीदा था। एक लाख 70 हजार रुपये नगद जबकि एक लाख 15 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर किये थे। साथ ही 55800 रुपये की 28 किश्त देना तय हुआ था। एक किश्त देने के बावजूद बीस जुलाई को आरोपी पक्ष ट्रक छीनकर ले गया था। जिसको लेकर उसका विवाद चल रहा था। बताया कि दो अगस्त को वो अपने ऑफिस में बैठा हुआ था तभी आरोपी अपने एक साथी के साथ अंदर घुसा गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रविवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने उसका संज्ञान ले लिया। सीओ मंडी रूपाली राव ने बताया कि वायरल वीडियो को लेकर नई मंडी पुलिस जांच कर रही है। जांच में आने वाले तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

मजदूर की हादसे में मौत

सिखेड़ा। मुजफ्फरनगर जौली मार्ग पर हाइड्रा की टक्कर लगने से फैक्टरी के मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। सिखेड़ा क्षेत्र के गांव भंडूरा निवासी 45 वर्षीय भंवर सिंह पुत्र तेज सिंह गांव बिलासपुर की एक फैक्टरी में कार्य करता था। वह शनिवार की देर शाम को फैक्टरी से डयूटी खत्म करके वापस साइकिल द्वारा अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव भगवानपुरी के सामने पहुंचा, तो इसी दौरान गांव जौली की तरफ से तेजी से आ रहे ट्रैक्टर के आगे लगे हाइड्रा ने मजदूर की साइकिल में टक्कर मार दी, जिसकी वजह से मौके पर ही मजदूर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। थाना प्रभारी राजीव शर्मा का कहना है कि हादसे में फैक्टरी मजदूर भंवर सिंह की मौत हो गई थी। हाइड्रा चालक हादसे के दौरान मौके से फरार हो गया था। फिलहाल हाइड्रा को कब्जे में ले लिया गया है। स्वजन की ओर से तहरीर देने पर चालक के विरुद्ध हादसे का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

छपार में विद्युत करंट से मजदूर की मौत

छपार, 11 अगस्त (बु.)। विद्युत करंट की चपेट में आने से मजदूरी को गए युवक की मौत हो गई। परिजनों ने घंटों हंगामा किया। छपार कस्बा निवासी 22 वर्षीय शादाब अपने पिता नूर

मौहम्मद के साथ गांव के ही एक व्यक्ति के यहां चिनाई मजदूरी को गया था। इस बीच एक लकड़ी की बल्ली को हटाते समय उक्त बल्ली मकान के पास से गुजर रही 11 हजार विद्युत लाईन से जा टकरा गई। बल्ली में करंट आने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान मृतक युवक के परिजनों ने मौके पर पहुंच हंगामा किया। लोगों ने भी विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते मौत की बात कही। इस दौरान थाना छपार पुलिस भी मौके पर पहुंची। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी आज मुजफ्फरनगर में

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (वार्ता)। लम्बे समय से विवादों में रहने के बाद अब उत्तर प्रदेश में भाजपा की राजनीति का माहौल कुछ शान्त है। इसी क्रम में कल भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मुजफ्फरनगर में मौजूद रहेंगे। प्रातः 10:25 बजे शुकतीर्थ दण्डी आश्रम में जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी के साथ उसके बाद 12 मीरापुर विधानसभा में संयुक्त रूप से लोकदल के साथ बैठक करेंगे। उसके उपरान्त 1 बजे बिजनौर की ओर रवाना हो जाएंगे, जिनकी वापसी जानसठ, मुजफ्फरनगर दोपहर 3:00 बजे बाईपास से दिल्ली के लिए हो जाएगी।

नवी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसी)। बांग्लादेश के पांच नागरिकों को महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पांचों जाली दस्तावेजों के आधार पर भारत में दाखिल हुए थे। इस छापेमारी में चार महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेश के पांच नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई पुलिस के मानव तस्करी निरोध प्रकोष्ठ ने एक गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को कोपरखैरणे क्षेत्र में स्थित एक आवासीय परिसर में छापा मारा और चार महिलाओं व एक पुरुष को गिरफ्तार किया। कोपरखैरणे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि पांचों जाली दस्तावेजों के आधार पर भारत में दाखिल हुए थे। उन्होंने बताया कि चारों महिलाओं की उम्र 34 से 45 वर्ष के बीच है और वे घरेलू सहायिका का काम करती हैं, जबकि पुरुष की उम्र 38 साल है और वह घरों में पुताई का काम करता है।

उत्तर प्रदेश उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर लड़ेगी बहुजन समाज पार्टी, मायावती ने किया ऐलान

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसी)। यूपी में उपचुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इसको लेकर बीजेपी, सपा के साथ ही अब बहुजन समाज पार्टी ने भी तैयारियां तेज कर दी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। बसपा सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने के साथ ही दमदारी से चुनाव लड़ने की बात कहीं है।

उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर आगामी दिनों में होने वाले उपचुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बसपा सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। रविवार को बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उपचुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। मायावती ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने के साथ ही मजबूती से चुनाव लड़ने की बात कही है। लखनऊ के मॉल एवेन्यू स्थित बसपा कार्यालय में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें बसपा सुप्रीमो ने यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में पार्टी के बेहतर रिजल्ट को लेकर जमीनी तैयारियों की समीक्षा की है।

बैठक में मायावती ने कहा कि अभी उपचुनाव की तारीखों की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन इसको लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि खासकर रूलिंग पार्टी बीजेपी और प्रदेश सरकार ने उपचुनाव को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है, जिसके कारण लोगों की रुचि काफी बढ़ी हुई है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बैठक में कहा कि बीएसपी ने उपचुनाव की सभी 10 सीटों पर चुनाव दमदारी से लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि बसपा गरीबों, शोषितों और पीड़ितों की पार्टी है। बसपा दूसरी पार्टियों की तरह बड़े बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर चलने वाली पार्टी नहीं है। मायावती ने आगे कहा कि केंद्र और यूपी की बीजेपी सरकार गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन और महंगाई को रोक पाने में विफल है। जिसको लेकर आम जनता में बेहद नाराजगी है। इस सभी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए विध्वंसक बुलडोजर राजनीति समेत हर तरह के नए जातीय व धार्मिक उन्माद, विवाद पैदा करने की उनकी साजिश जारी है। बता दें कि लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद 6 महीने के भीतर उपचुनाव होना हैं। इसको लेकर एक बार फिर एनडीए और इंडिया गठबंधन आमने सामने आ सकते हैं।

बांग्लादेश में नाराज भीड़ ने अब सेना के काफिले पर किया हमला, कई घायल

ढाका , 11 अगस्त (एजेंसी)। बांग्लादेश में हिंसा अबतक जारी है। गोपालगंज इलाके में पूर्व पीएम शेख हसीना की देश वापसी हो, इस मुद्दे को लेकर हिंसा और प्रदर्शन के बीच भीड़ ने सेना पर हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बन जाने के बाद भी हिंसा और प्रदर्शन का दौर जारी है। हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हुए हमले की अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस ने कड़ी निंदा की है। इसके बावजूद देश में हिंसा की खबरें मिल रही हैं। खबर के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने गोपालगंज इलाके में सेना पर हमला कर दिया, जिसमें पांच से ज्यादा सैन्यकर्मी घायल हो गए हैं। शनिवार को सेना के जवानों और अवामी लीग के समर्थकों के बीच हुई तीखी झड़प के बाद भीड़ ने सेना के एक वाहन को आग लगा दी। इस घटना में सेना के जवानों, पत्रकारों और स्थानीय लोगों सहित करीब 15 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में दो को गोली लगी है। घटना शनिवार शाम करीब 4 बजे सदर उपजिला के गोपीनाथपुर बस स्टैंड पर हुई। पूर्व प्रधान मंत्री शेख हसीना की देश में वापसी की मांग करते हुए, हजारों अवामी लीग के नेता, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन कर राजमार्ग को अवरुद्ध करने के लिए एकत्र हुए थे। सेना के जवानों ने इसे लेकर हस्तक्षेप किया और प्रदर्शनकारियों को सड़क खाली करने का निर्देश दिया, लेकिन भीड़ ने उन पर ईंटें फेंकना शुरू कर दिया। बाद में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सेना के जवानों ने लाठियां भांजी, इसके जवाब में प्रदर्शनकारियों ने सेना के वाहन में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। गोपालगंज कैंप के लेफ्टिनेंट कर्नल मकसुदुर रहमान ने घटना की पुष्टि की और कहा कि करीब 3,000 से 4,000 लोगों ने इकट्ठा होकर सड़क को जाम कर दिया था। उपद्रवियों के इस हमले में सेना के चार जवान घायल हो गये हैं। गोपीनाथपुर संघ के पूर्व अध्यक्ष लच्छू शरीफ ने कहा कि सेना के सदस्यों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गोलीबारी की थी।

तेज बहाव में बह गई कार, 9 की मौत

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में बारिश कहर बरपा रही है। हिमाचल प्रदेश हरियाणा और पंजाब में जमकर बादल बरस रहे हैं। इस बीच पंजाब के होशियारपुर में दर्दनाक हादसा हो गया। पानी के तेज बहाव में एक इनोवा कार बह गई, जिसमें 12 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में 9 लोगों की जान चली गई, जबकि अभी भी 2 लापता हैं। ग्रामीणों ने एक बच्चे की जान बचा ली। इसे लेकर एक वीडियो भी सामने आया है। रेस्क्यू टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। पंजाब-हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती होशियारपुर के जेजे दोआबा में यह घटना हुई। सुबह से ही यहां जमकर बारिश हो रही है, जिससे जेजों खड्ड का जलस्तर बढ़ गया है। सड़क पर खड्ड का पानी आ गया था। इस दौरान एक इनोवा कार आई और ड्राइवर ने पहले गाड़ी रोकी, लेकिन फिर उन्होंने पानी के तेज बहाव के बीच से कार को निकालने का जोखिम उठाया। इस दौरान पानी के तेज बहाव में कार पलटी खा गई और खड्ड में जा पहुंची। इस दौरान गाड़ी में बैठे लोगों ने चीख-पुकार मचाई तो आसपास के ग्रामीण मौके पर आ गए। ग्रामीणों ने जेसीबी मंगाकर रेस्क्यू किया और एक बच्चे की जिंदगी बच गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी का दरवाजा नहीं खुल पाने की वजह से लोग बाहर नहीं निकल पाए और कार के साथ पानी में डूब गए। एनडीआरएफ की टीम ने 9 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं, जबकि दो लोग अभी भी लापता हैं। नवांशहर की पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने भी दुख जताया। ये लोग हिमाचल प्रदेश के ऊना में स्थित गांव देहलां से पंजाब के माहिलपुर में एक शादी समारोह के लिए अपनी कार इनोवा से जा रहे थे। इस हादसे में मरने वालों में दीपक भाटिया, सुरजीत भाटिया, सरूप चंद, मासी बिंदर, शिन्नो, भावना, दीपक भाटिया की दो बेटियां अंजू, हरमीत, बेटा शामिल हैं। इस घटना के बाद देहगां गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सीएम आवास के बाहर खुद को आग लगाने वाली महिला की मौत

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसी)। यूपी की राजधानी लखनऊ में उट आवास के पास आत्मदाह करने वाली महिला की मौत हो गई है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही 40 वर्षीय उन्नाव निवासी महिला ने लखनऊ में सीएम आवास के पास आत्मदाह का प्रयास किया था। हालांकि आनन-फानन में आग बुझाकर उसे 06 अगस्त 2024 को केजीएमयू में भर्ती किया गया था। महिला 85 प्रतिशत तक जल चुकी थी। वहीं महिला को जब भर्ती किया गया, तब उसकी हालत बहुत गंभीर थी। महिला का उपचार प्लास्टिक सर्जरी विभाग में किया गया। वहीं आज रविवार को 1 बजकर 10 मिनट पर महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की वजह सेप्टिक शॉक और मल्टीपल ऑर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम बताया गया है।

बता दें कि लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग इलाके में उन्नाव की एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया था, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में यूपी पुलिस ने इस मामले में बड़ा खुलासा किया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या की कोशिश करने वाली महिला को उकसाया गया था। पुलिस ने उकसाने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान उन्नाव के रहने वाले सुनील कुमार के तौर पर की गई। लखनऊ पुलिस का कहना है कि सुनील ने सरकार की छवि धूमिल करने, पुलिस और सरकार के खिलाफ जनाक्रोश फैलाने के उद्देश्य से महिला को आत्मदाह के लिए उकसाया था। इस मामले में गौतम्पल्ली पुलिस ने महिला और सुनील कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। गौतम्पल्ली थाने के दरोगा बागेश कुमार की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 49, 226, 131 और 61 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस को महिला के मोबाइल से चार मुख्य वॉइस रिकॉर्डिंग मिलीं, जिनमें सुनील महिला को आत्मदाह के लिए उकसाता और उसकी पूरी प्लानिंग बताता सुनाई दे रहा है। सुनील कुमार ने महिला के कहा था कि मुख्यमंत्री आवास के पास आग लगाओगी तो पूरा थाना खाली हो जाएगा। नए अधिकारी जो आएंगे वो तुम्हारे आगे-पीछे घूमेंगे। आरोपी ने उन्नाव के पुरवा थाने के पुलिसकर्मियों को सबक सिखाने के लिए लाग लगवाई थी। आरोपी सुनील ने महिला से यह भी कहा था कि तुम स्कूटी खराब होने की बात कहकर पहले ही पेट्रोल ले लेना। लखनऊ में पेट्रोल नहीं मिलेगा। आरोपी ने अंत में महिला से कहा कि करो। इसके बाद महिला ने खुद को आग के हवाले कर दिया था। महिला अपने साथ अपने एक साल के बेटे को लेकर भी आई थी।

असामाजिक तत्वों ने फेंके पत्थर, दो गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर , 11 अगस्त (बु.)। रामपुरी में शनिवार रात मामूली विवाद में पत्थर फैंकने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी निवासी महेश पाल शनिवार रात को अपनी पत्नी उर्मिला के साथ घर के आंगन में बैठे हुए थे। उसी समय मामूली कहासुनी में मकान के पीछे रहने वाले गफूर पक्ष के लोगों ने उनके घर में पत्थर फैंक दिये थे, जिससे अफरा तफरी मच गई थी। पत्थर लगने से उर्मिला घायल हो गई थी। पुलिस ने रात में ही घटना स्थल पर पहुंचकर घायल महिला को उपचार दिलाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के साथ शनिवार को आरोपी दिलनवाज और जावेद को गिरफ्तार कर लिया। बाद में शांति भंग में उनका चालान कर दिया गया।

यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बोले, बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार पर गंभीरता दिखाए केंद्र

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माताप्रसाद पांडेय ने कहा कि वक्फ बोर्ड का मामला प्रवर समिति के पास लंबित है। इसमें जो भी निर्णय होगा उसे बाद में देखा जाएगा। यह मामला केंद्र सरकार से संबंधित है। बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर उन्होंने दुःख प्रकट किया। कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार की वह कड़ी निंदा करते हैं। मांग की कि इसमें केंद्र सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रविवार को लखनऊ से चलकर अपने गृह जनपद सिद्धार्थनगर जा रहे थे। गोंडा में उनका कई स्थानों पर स्वागत किया गया। भूतपूर्व मंत्री विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह के आवास विकास कॉलोनी स्थित आवास पर उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। इसके पूर्व उन्होंने दिवंगत पंडित सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किये। कहा कि पंडित सिंह से उनके संबंध बड़े और छोटे भाई वाले थे। अधूरे सपनों को मूर्त रूप देने का जिम्मा अब उनके राजनीतिक वारिस सूरज सिंह के कंधों पर है। जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व एमएलसी महफूज खान, प्रमोद पांडेय, सुरेश शुक्ला उपस्थित रहे। सपा के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि नेता विपक्ष के नेतृत्व में सदन में जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी। सपा नेता मनोज चौबे ने कहा कि सपा कार्यकर्ता पार्टी नेतृत्व से प्रेरणा लेकर जनता की समस्याओं पर संघर्ष करने से कभी पीछे नही हटेंगे। रामकुमार शुक्ला, राघवराम पांडेय, त्रिजुगी नरायन दुबे, राजेंद्र दुबे, अरविंद शुक्ला, प्रागदत्त मिश्रा, परमात्मादीन साहू, नंदकुमार प्रजापति, विश्वनाथ सिंह, वकार खां उपस्थित रहे। करनैलगंज बस स्टॉप पर जिपं सदस्य राजेश मिश्रा की अगुवाई में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष को स्मृति चिह्न भेंट किया। जिपं कमलेश पासवान साधु, विपिन मिश्र, दर्शन मिश्र, आशीष बाबा मौजूद रहे। धानेपुर कस्बे में भी उनका स्वागत हुआ। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शहान अख्तर राईनी, सिरताज अली, हसीब अंसारी, अंसार अहमद सलमानी, मुस्तकीम, तारिक शामिल रहे।

महिला ने तीन बच्चों के साथ चलते ट्रक के सामने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया

- पति की डांट से क्षुब्ध होकर बच्चों के साथ मरने पहुंची महिला - लोगों ने महिला व बच्चों को बामुश्किल सड़क से उठाया

मीरापुर, 11 अगस्त (बु.)। दो शादियां करने वाले एक व्यक्ति की डांट से क्षुब्ध होकर उसकी दूसरी पत्नी अपने तीन छोटे छोटे बच्चों के साथ घर से निकलकर आत्महत्या करने पहुँच गयी। महिला ने दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बच्चों समेत एक चलते ट्रक के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पास में होटल चलाने वाले लोगों तथा अन्य लोगों ने दौड़कर महिला व उसके बच्चों को सड़क से उठाया। गांव सिकन्दरपुर निवासी अफसर पुत्र वकील का निकाह करीब 12 वर्ष पूर्व बिजनौर निवासी जाहिदा के साथ हुआ था। शादी के कई वर्ष बाद भी जाहिदा को संतान नहीं हुई, तो अफसर ने अपनी पत्नी जाहिदा की सहमति से उड़ीसा के राउरकेला निवासी खुदस्सियाँ पुत्री इरशाद के साथ दूसरी शादी कर ली, जिसके बाद दोनों चार बच्चें आयशा(7), सुहैल(6), आलिया(4) व फरमान(18 माह) पैदा हुए। इसके बाद पहली पत्नी जाहिदा अपने मायके रहने लगी तथा कभी कभी अफसर से मिलने आने लगी। फिलहाल पहली पत्नी जाहिदा सिकन्दरपुर आयी हुई थी, जिसे अफसर ने कुछ कपड़े खरीदवाये।

इसी बात को लेकर अफसर व दूसरी पत्नी खुदस्सियाँ के बीच कुछ कहासुनी हो गयी। बताया गया है कि अफसर के अपनी दूसरी पत्नी खुदस्सियाँ को पहली पत्नी जाहिदा के सामने डांट दिया, जिससे मामला इतना बढ़ गया कि खुदस्सियाँ अपनी बड़ी बेटी आयशा को घर छोड़कर तथा शेष तीनों छोटे बच्चों सुहैल, आलिया व डेढ़ वर्ष के फरमान को साथ लेकर आत्महत्या करने के लिए घर से निकल गयी तथा मीरापुर में सैनी भट्टा तिराहे के निकट बने मुस्लिम होटलों के समीप मरने के लिए बच्चों के साथ चलते ट्रक के आगे कूद गयी। गनीमत यह रही कि ट्रक चालक ने उनसे पहले ही ब्रेक ले लिए तथा शोर मचा दिया, जिस पर आसपास होटल करने वाले लोगों व अन्य लोगों ने दौड़कर महिला व उसके बच्चों को सड़क से उठाया तथा बामुश्किल समझाकर सड़क किनारे बैठाया, किन्तु महिला ने पुनः दूसरे वाहन के आगे कूदने का प्रयास किया, जिस पर पुनः लोगों ने उसे रोका और उसके पति को इसकी सूचना दी। सूचना पर कुछ देर बाद उसका पति अफसर अपनी बड़ी पुत्री आयशा को लेकर मौके पर आ गया। इस दौरान दोनों पति-पत्नी ने जमकर कहासुनी हुई तथा मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने दोनों को समझाते हुए शांत किया। काफी देर बाद पति अपनी पत्नी व बच्चों को जबरन घर वापस ले गया। महिला घर जाते-जाते पति पर गंभीर आरोप लगाती हुई गयी। पुलिस ने मामलें की जानकारी होने से इन्कार किया है।

शाहपुर में भाजपाइयों द्वारा निकाली विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य समापन

शाहपुर, 11 अगस्त (बु.)। कस्बे में भाजपा के युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा का किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण में राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। डाक बंगले से भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा का कस्बे में पहुंचने पर नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। बाइक तिरंगा यात्रा कस्बे के मेन चौक पर पहुंची। इस दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बाइक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें आजादी में भूमिका निभाने वाले महापुरुषों को याद कर उन्हें नमन किया गया है। इसके बाद पूर्व विधायक उमेश मलिक सहित भाजपा नेताओं ने स्वतंत्रता सेनानी किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यान, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक काकरान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बसन्त त्यागी, भाजपा के बुढ़ाना विधानसभा संयोजक पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, गांव प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. कुलदीप त्यागी, मोनू सैनी प्रधान, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, ईओ दीपक कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनीष त्यागी, प्रवेश चौधरी, सभासद विशाल गर्ग, सोनू सैनी, अब्दुल कलाम अंसारी, मनोज सैनी, बुद्ध प्रकाश व मनोज अरोरा आदि मौजूद रहे।

तालाब में डूबने से घोड़े की मौत

मीरापुर, 11 अगस्त (बु.)। गांव दायमपुरा में घास चरते समय पैर फिसलने से घोड़ा तालाब में गिर गया तथा तालाब की गहराई अधिक होने के कारण डूबने से घोड़े की मौत हो गयी। गांव मुकल्लमपुरा के मोहल्ला हनुमानपुरी निवासी नरेन्द्र पुत्र केशोराम घोड़ा बुग्गी चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार की सुबह वह अपने घोड़े को चराने के लिए दायमपुरा लेकर गया था तथा घोड़े को वहाँ छोड़कर घर आ गया। इस दौरान वहाँ स्थित तालाब के निकट घास चरते समय घोड़े का पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया तथा तालाब की गहराई अधिक होने के कारण घोड़े की उसमें डूबने से मौत हो गयी। कुछ देर बाद वहां पहुँचे नरेन्द्र ने घोड़े को तलाश किया, तो वह तालाब में मृत मिला। पीड़ित ने घोड़े की कीमत 40 हजार रुपये बताते हुए जिलाधिकारी से मुआवजा दिए जाने की गुहार लगाई है।

शाहपुर में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

शाहपुर, 11 अगस्त (बु.)। कस्बे में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना कर निर्वाण लाडू चढ़ाया। कस्बे में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक पर श्रद्धालुओं ने प्रातः काल मौहल्ला महाजनान स्थित श्री पदम प्रभु जिनालय, श्री नेमिनाथ जिनालय, मंगलापुरी मंडी स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय के अलावा मुजफ्फरनगर रोड स्थित मुनि सुब्रतनाथ मान स्तंभ पर श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान से शांति धारा व अभिषेक करने के साथ विशेष पूजा अर्चना कर निर्वाण लाडू समर्पित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ स्त्रोत व चालीसा का पाठ करने के साथ महाआरती की। इस अवसर पर बालेश जैन, सुंदरलाल जैन, अरविंद जैन, राकेश जैन, मदन जैन, सतीश जैन, शीलचन्द जैन, संजीव जैन, विनय जैन, प्रदीप जैन, ललित जैन, उमंग जैन, पुनीत जैन, वैभव जैन, आगम जैन, अभिषेक जैन, अमित जैन व ऋषभ जैन आदि महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

त्यागी सभा के अध्यक्ष बने शिव कुमार त्यागी

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। रविवार को त्यागी सभा भवन मुजफ्फरनगर की वर्ष 2024 की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। रविवार को संपन्न हुए चुनाव में शिवकुमार त्यागी विजयी घोषित हुए। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी सुरेंद्र त्यागी रोहाना को 97 वोट से हराकर जीत हासिल की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के बीच में चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र त्यागी अंबेहटा, सुभाष त्यागी निर्माणा, विवेक त्यागी एडवोकेट की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। उक्त मतदान के दौरान चुनाव अधिकारियों के साथ त्यागी समाज के 5 लोग सहयोगी के रूप में भी रहे। घोषित चुनाव परिणामों में शिवकुमार त्यागी को 381 मत और सुरेंद्र त्यागी को 284 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष शिवकुमार त्यागी ने इस जीत को सबकी जीत बताते हुए समाज के सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में सभी के साथ मिलकर त्यागी सभा भवन को अब सकारात्मक बदलाव के लिए काम करने पर बल रहेगा। इस दौरान अशोक त्यागी घलोली, जियालाल त्यागी, आदेश त्यागी, सुधीर त्यागी, यज्ञदत त्यागी, राजबल त्यागी, उमेश त्यागी, शेखर त्यागी, रोहन त्यागी, विदित त्यागी, अजय त्यागी जॉनी, विपिन त्यागी, पंकज त्यागी, ललित त्यागी, गुड्डू त्यागी भैसानी, बॉबी त्यागी, नीटू त्यागी, मोनू त्यागी, सचिन त्यागी पावटी आदि मौजूद रहें।

एमएससी कृषि विज्ञान (एग्रोनॉमी) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में मारी बाजी

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बुस.)। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के द्वारा घोषित एमएससी कृषि विज्ञान (एग्रोनामी) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में श्रीराम कॉलेज के कृषि विज्ञान (एग्रोनामी) प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। आज एमएससी कृषि विज्ञान(एग्रोनामी) प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची तैयार की गई, जिसमें आयुष राठी ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, अतुल कुमार ने 74.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अभिनव जगरान ने 74.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता एव शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर कृषि संकाय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल तथा निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार के साथ कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. नईम, डॉ. विक्रांत कुमार, डॉ. प्रवीण मलिक, डॉ. अंजली, डॉ. सुहिल सरदार, राज कुमार, सूरज सिंह, आबिद अहमद आदि ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

बरसात से मौसम हुआ सुहावना, किसानों के चेहरे खिले

जानसठ, 11 अगस्त (बु.)। क्षेत्र में मौसम ने करवट बदल ली। सुबह से ही आसमान में बादल छा गए। बरसात होने से मौसम सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। बरसात होने से किसानों के भी चेहरे खिल उठे। रविवार की सुबह को मौसम अचानक से खराब हो गया। मौसम खराब होने से आसमान में काले बादल छा गए और बरसात शुरू हो गई, जो कि रुक-रुक कर सारा दिन होती रही। बरसात होने से मौसम सुहावना हो गया। बरसात के कारण जहां क्षेत्र के लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की है, वहीं फसल को भी काफी लाभ पहुंचा है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। क्षेत्र के गांव सलारपुर, राजपुर, नयागांव फैजाबाद के रामकुमार, रामवीर, विजेंद्र कुमार, संचित प्रधान, सुरेंद्र कुमार, गुड्डन, दीपक कुमार, सुमित कुमार आदि किसानों ने बताया कि इस वर्षा से क्षेत्र के लोगों को गर्मी से काफी राहत पहुंची है। साथ ही किसान की फसलों को भी काफी लाभ पहुंचा है।

तहसीलदार ने खनन कार्य में लिप्त मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

मीरापुर, 11 अगस्त (बु.)। तहसीलदार जानसठ ने मीरापुर क्षेत्र में छापा मारकर खनन कार्य में लिप्त मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ ली तथा चालक को ट्रैक्टर-ट्राली के साथ थाने ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। रविवार को तहसीलदार जानसठ सतीशचन्द्र बघेल लेखपाल चन्द्रपाल शर्मा व अन्य राजस्व टीम के साथ गंगा बैराज पर पानी का जलस्तर देखने गए थे। वापस लौटते समय उन्हें गांव जमालपुर की ओर से एक ट्रैक्टर- ट्राली चालक अवैध खनन कर मिट्टी लेकर आता दिखाई पड़ा, जिस पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार सतीशचन्द्र बघेल ने उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया तथा चालक से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम रामपाल पुत्र देवीचन्द बताया, जिसके बाद खनन कार्य में लिप्त होने के चलते तहसीलदार उसे थाने ले आये तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज करते हुए चालक को थाने बैठा दिया। पकड़े गए ट्रैक्टर चालक रामपाल ने बताया कि एक पैट्रोल पम्प पर मिट्टी डालने जा रहा था।

हर घर तिरंगा व बाइक रैली को भाजपा की बैठक

जानसठ, 11 अगस्त (बु.)। स्थानीय डाक बंगले पर हर घर तिरंगा व बाइक रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विशाल गर्ग ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को कस्बे व क्षेत्र में 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में कहीं ना कहीं शामिल होना है। उन्होंने कहा 12 अगस्त व 13 को कस्बे के अंदर शहीद स्मारक या महापुरुषों के भवनों पर साफ सफाई अभियान चलाया जाना है, वहीं कार्यकर्ता घर-घर तिरंगा बताकर प्रत्येक व्यक्ति के मन में भारत के प्रति देश प्रेम की भावना जागृत करने का काम करें 15 अगस्त को कस्बे में बाइक रैली निकाली जाए। इस दौरान बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता एलडीबी बैंक के चैयरमेन बृजेश रस्तोगी, चांद मुकुट शर्मा, डॉ. विजेंद्र रामनिवास प्रजापति, रोहित खत्री, चंद्र प्रकाश चौधरी, आशीष शर्मा, प्रदीप राणा, महेश चंद शर्मा, युवा मोर्चे के मंडल अध्यक्ष विकास राजपूत, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 12 अगस्त, 2024

मेष- व्यावसायिक पक्ष में उपस्थित व्यवधान समाप्त, मनोबल से कार्यसिद्धि, शुभ भावनाओं का उदय होने से आत्मिक शांति, दूर समीप की यात्रा का प्रयास सार्थक।

वृषभ- जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, नवयोजना प्रगति पर, नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति से खुशी।

मिथुन- शारीरिक सुख, कार्य-प्रगति की दिशा में प्रयास, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक सौहार्द, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रसन्नता।

कर्क- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, घरेलू समस्याओं से मन अशान्त, बात-बात पर क्रोध, मित्रों-प्रियजनों से मतभेद।

सिंह- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान, विरोधियों का वर्चस्व में कमी, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा का प्रसंग।

कन्या- स्वास्थ्य में अनुकूलता किसी योजना की पूर्त हेतु प्रयत्नशील, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सौहार्द, अध्यवसाय की ओर रुझान, मौजमस्ती के निमित्त व्यय।

तुला- आज दिन 7/56 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।

वृश्चिक- संकल्प-विकल्प की स्थिति, आरोग्य सुख में कमी, परिवार में अशांति, विरोधी प्रभावी, आय की तुलना में व्यय की अधिकता, परीक्षा में असफलता।

धनु- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, सुख के साधन सुलभ।

मकर- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, किसी पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद सुलभ, मन में खुशी।

कुम्भ- नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, नवसमाचार प्राप्ति से प्रसन्नता।

मीन- प्रगति में अवरोध, विचारित योजना अधूरी, वाद-विवाद से तनाव, कार्य व्यवसाय अर्थ-पक्ष में निराशा, मानसिक बेचैनी, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

जैन समाज ने चातुर्मास के चलते निकाली रथ यात्रा

बुढ़ाना, 11 अगस्त (बु.)। धर्मनगरी बुढ़ाना की धरा पर प्रथमबार दिगम्बर मुनि जी का वर्षायोग चातुर्मास बड़े हर्षोल्लास के साथ चल रहा है। परम पूज्य 108 आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य सप्तम पट्टाचार्य श्री 108 आचार्य रोथ सागर व मुनि श्री सात सागर व मुनि श्री निपात सागर जी के सानिध्य में श्रावण शुक्ल सप्तमी जो भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण दिवस है के उपलक्ष्य में रथयात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकली, जो 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर से शुरू होकर महावीर चौक, कैनरा बैंक वाली गली से मास्टर कालोनी होती हुई मंदिर में पहुंची, जिसमें गांवों से भी धर्म प्रेमी पधारे। बुढ़ाना में आचार्य 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज के शिष्य आचार्य 108 श्री श्री ज्ञेय सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बुढ़ाना में शिव पारसनाथ श्री पार्श्वनाथ निर्माण महोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास एवं भक्ति भाव के द्वारा मनाएगा, जिसमें जैन समाज के द्वारा भगवान पारसनाथ का पार्श्वनाथ का महा मस्का अभिषेक किया गया। नित्य नियम पूजा-अर्चना के बाद श्रीजी की रथ यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। मंदिर में शांति धारा एवं निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। यहां बाहरी श्रद्धालु भी भारी संख्या में मौजूद रहे।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार, लूट व हत्याओं को लेकर निकाला विरोध प्रदर्शन

- हिन्दू लोगों ने रैली में नारों में कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार तत्काल बन्द हों

रामराज, 11 अगस्त (बु.)। बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं के साथ अत्याचार व मंदिरों, गुरूद्वारा मठों को तोड़ने के विरोध में रैली निकालकर हिंदू समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार बन्द होना चाहिए। इसके बाद हिन्दू समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री के नाम थाना प्रभारी निरीक्षक को एक ज्ञापन भी सौंपा। रामराज में हिन्दू समाज के लोगों ने धान मंडी से रामलीला मैदान तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रोहित बंसल मोनू, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपेद्र सुधा वाल्मीकि, व्यापार संघ अध्यक्ष विपिन मनचंदा, देवेंद्र चौहान, केपी धीमान, मास्टर ब्रह्मचारी सिंह, सुदर्शन गोयल, डॉ. श्रीपाल कोहली, निधिचंद शर्मा के नेतृत्व में बांग्लादेश में हो रहे हिन्दु मन्दिरों एवं गुरुद्वारों व मठों को तोड़कर हमारी आस्था के प्रतीक प्राचीन इस्कॉन मन्दिर व काली मन्दिर को तोड़कर आग के हवाले कर दिया गया। हिन्दु परिवारों की बहन-बहु-बेटियों की इज्जत को तार-तार कर हिन्दू परिवारों के घरों एवं प्रतिष्ठानों को लूटा जा रहा है। बांग्लादेश की कुल जनसंख्या 17 करोड 48 लाख में से केवल 8 प्रतिशत हिन्दु जो वहीं अल्पसंख्यक हैं। वहाँ के एक वर्ग विशेष के द्वारा टारगेट कर धीरे-धीरे उनकी आबादी को खत्म किया जा रहा है। 1971 में जब 18.5 प्रतिशत हिन्दू आबादी थी, जो आज घटकर 8 प्रतिशत यानी 2 करोड़ 18 लाख 50 हजार रह गयी है। आज बाग्लादेश में 91 प्रतिशत आबादी मुस्लिमों की है, जबकि 1974 की प्रथम जनगणना के अनुसार बांग्लादेश में 18.5 प्रतिशत आबादी हिन्दुओं की थी। बांग्लादेश में 18 गुरुद्वारों में से जो केवल अब 5 गुरुद्वारे ही शेष बचे हैं। बांग्लादेश की राजधानी ढ़ाका का साही देश गुरुद्वारा नानक का सबसे प्रमुख व बड़ा गुरुद्वारा है। इन सभी ऐतिहासिक स्थलों की वहाँ की सरकार के द्वारा सुरक्षा बढ़ाई जाये व हिन्दुओं के हत्यारों को फांसी पर लटकाया जाये तथा बांग्लादेश से सभी हिन्दुओं को निकालकर भारत में सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित किया जाये। मुख्य रूप से व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रोहित बंसल मोनू , भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपेन्द्र सुधा बाल्मिकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन मनचन्दा, देवेन्द्र चौहान, ब्रह्मचारी सिंह,सुदर्शन गोयल, विक्की गुंबर,राजकुमार छाबड़ा, पवन चौहान,सतेंद्र शर्मा, मोनू चौधरी आदि सैकडों लोग शामिल थे।

हिंदू संघर्ष समिति' ने हिंदू प्रतिरोध यात्रा को सफल बनाने के लिए जनपद वासियों से किया आह्वान

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बुस.)। आज रविवार में हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार के आवास पर हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े सभी दलों की एक आवश्यक बैठक हुई। आज की बैठक की अध्यक्षता क्रांति अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा के द्वारा की गई एवं सभा का संचालन अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के अरुण प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। आज की सभा के अध्यक्ष एवं क्रांति सेना के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कड़े शब्दों में भारत सरकार की निंदा की। इस समय जो बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, उस घटना पर भारत सरकार कोई भी कड़ा निर्णय नहीं ले रही है, इससे हिंदुस्तान की जनता में भारत सरकार के प्रति बेहद आक्रोश है, जिसमें हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एक मौन जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। नरेंद्र कुमार ने जनपद मुजफ्फरनगर के सभी हिंदुओं से आह्वान किया है कि 16 अगस्त में शाम 4:00 बजे बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में टाउन हॉल से एक मौन जुलूस निकाला जाएगा। नरेंद्र पवार ने कहा की बांग्लादेश में जो अत्याचार हिंदुओं पर हो रहे हैं, उस घटना पर समस्त हिंदुस्तान के हिंदुओं में आक्रोश है। हमारे देश की सरकार को कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता इस समय है। इस मौके पर ललित मोहन शर्मा, नरेंद्र सिंह पंवार, अरुण प्रताप, देशराज चौहान संजय मिश्रा, अनमोल रतन छाबड़ा, पवन मित्तल, अमित गुप्ता, मनोज पाटिल, सुरेंद्र मित्तल, राजेश शर्मा, वैभव यादव, अंजेश गुर्जर, संजय बाल्मीकि, चमन लाल कुक्की, अनुज चौधरी, अक्षय शर्मा, रमेश पांचाल, मनोज कंसल, अंकुर गुप्ता, पवन पांचाल, अक्षय शर्मा, विकास सैनी, कुशाग्र शर्मा, रविंद्र गुर्जर, अरविंद गौतम आदि मौजूद रहे।

डीएवी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बनाई रंगोली

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। रविवार को समर्पित युवा समिति द्वारा आयोजित जज्बा 10 दौड़ के अवसर पर डीएवी इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर के छात्र-छात्राओं ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक बड़ी रंगोली का सृजन किया, जिसमें प्रवीण सैनी प्रवक्ता डीएवी इंटर कॉलेज के नेतृत्व में कॉलेज के चुनिंदा छात्र-छात्राओं ने मंच के समक्ष खूबसूरत रंगोली बनाई। जीआईसी मैदान में प्रकृति से जुड़ी विभिन्न सामग्रियों का प्रयोग किया। विद्यालय के छात्र तेजस, तरुण, रुद्राक्ष, सरगम अरोरा, तालिब, इकरा सैफी, अमन, कृष्णा, वंश सैनी, प्रियांशु पांडेय, ओमकार पांडेय आदि छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाई जिसकी सभी ने प्रशंसा करते हुए पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप तथा समर्पित युवा समिति के अध्यक्ष तथा सचिव अमित पटपटिया, सत्य प्रकाश रेशू, रीना अग्रवाल, कैप्टन प्रवीण चौधरी तथा सह विद्यालय निरीक्षक शैलेंद्र त्यागी आदि ने प्रशंसा करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को मंच से इस बीच सम्मानित भी किया।

हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु व्यापार संगठन ने की बैठक

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बुस.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. कैंप कार्यालय कुंदनपुरा पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु बैठक की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष व सह संयोजक भाजपा कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान, शान का प्रतीक है। समस्त वर्गों के लोगों को मिल-जुलकर स्वतंत्रता दिवस का दिन त्यौहार की तरह मनाना चाहिए व हम समस्त व्यापारियों से अपील करते हैं कि अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगा अवश्य लहराए। उन्होंने कहा कि व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल व यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नितिन अग्रवाल द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त व्यापारियों को हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने हेतु निर्देशित किया है। इस दौरान प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, नगर अध्यक्ष राक

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

उच्च उपज फसलों की 109 किस्में

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल नयी दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च उपज देने वाली जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त फसलों की 109 किस्मों को जारी किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। प्रधानमन्त्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं। पीएम मोदी ने कृषि में वेल्यू एडिशन के महत्व पर जोर दिया। किसानों ने कहा कि ये नयी किस्में बेहद फायदेमंद होंगी, क्योंकि इनसे उनका खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। प्रधानमन्त्री ने बाजरे के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती मांगों के बारे में भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों की जैविक खाद्य पदार्थों की ओर मांग बढ़ती जा रही है। किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रधानमन्त्री ने सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र को हर महीने विकसित की जा रही नयी किस्मों के बारे में किसानों को बताना चाहिए। कृषि मन्त्री कहते हैं कि प्रधानमन्त्री के लिए किसान सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। केन्द्र सरकार उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने के साथ-साथ उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए काम कर रही है। भारत के कृषि मन्त्री शिवराज सिंह चौहान कृषि को लेकर बहुत गंभीर दिखाई देते हैं। उनका कहना है कि किसान न केवल सबसे बड़ा उत्पादक है, बल्कि सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान इसकी आत्मा है। जब किसान कुछ खरीदता है, तो उससे सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी बढ़ती है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को मजबूत करने का रोडमैप तैयार करने को लेकर बयान दिया है, उन्होंने कहा, अगर उत्पादन बढ़ाना है और लागत घटाना है, तो अच्छे बीज होना सबसे महत्वपूर्ण चीज है। आज जलवायु परिवर्तन के इस दौर में जहां धरती की सतह का तापमान लगातार बढ़ रहा है, हमें ऐसे बीजों की जरूरत है, जो जलवायु के अनुकूल हो, बढ़ते तापमान में भी उचित पैदावार दे सकें। कृषि मंत्री ने कहा,यह महत्वपूर्ण है कि कीटनाशकों का प्रयोग कम हो। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद निरंतर इस काम में लगी है और पिछले दिनों में बीजों की 109 नयी किस्में तैयार की गई हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम की पहली प्राथमिकता कृषि और किसान है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य विज्ञान और अनुसंधान का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाना है, उन्होंने कहा कि इस साल 2,625 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया गया है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण उर्वरक ले जाने वाले जहाजों को लंबा और अधिक समय लेने वाला रास्ता अपनाना पड़ता है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री ने कहा कि विशेष पैकेज की घोषणा यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि किसानों पर बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था का करीब 17 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि यह करीब 50 प्रतिशत आबादी को रोजगार देता है। कृषि मन्त्री की यह बात अपनी जगह और प्रधानमन्त्री के प्रयास भी अपनी जगह, लेकिन कृषि क्षेत्र में अभी बहुत काम होने बाकी हैं। जिस देश में 1.40 अरब के लगभग आबादी निवास करती है और देश की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है, उस देश में कृषि शिक्षा के विश्वविद्यालय और कॉलेज नाम-मात्र के हैं, उनमें भी गुणवत्तापरक शिक्षा का अभाव है। भूमंडलीकरण के दौर में कृषि पर आधुनिक तकनीकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के माध्यम से जो इस देश में आती हैं उसे कृषि का प्रचार-प्रसार तंत्र उन किसानों तक पहुंचाने में लाचार नजर आता है, यह गंभीर और विचारणीय विषय है। शिक्षा ही का दूसरा पहलू जिसे प्रबंधन शिक्षा की श्रेणी में रखा जा सकता है, नाम-मात्र भी नहीं है। राष्ट्रीय अथवा प्रदेश स्तर पर कृषि शिक्षा के जो विश्वविद्यालय हैं, उनमें शोध संस्थानों के अभाव में उच्चस्तरीय शोध नहीं के बराबर हैं। चाहे संस्थानों का अभाव हो, वित्तीय एवं तकनीकी सुविधाओं का अभाव हो अथवा गुणवत्तापरक शिक्षकों का अभाव हो, जिसके कारण एक हरित क्रांति के बाद फिर कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ। कृषि शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में होना चाहिए और प्रत्येक शिक्षण संस्थान में न्यूनतम माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा अवश्य होनी चाहिए। उन लोगों का उपयोग कृषि के निचले स्तर के व्यापक प्रचार-प्रसार और उत्पादन वृद्धि में किया जाना चाहिए। भारतीय किसान उन्नति कर रहे हैं, लेकिन कई क्षेत्रों में आज भी गरीब है। भारतीय किसान की परेशानियां कम नहीं हैं। छोटे भूमि धारकों और सीमांत किसानों की हालत अब भी संतोषजनक से कम है। पुराने किसानों में शिक्षा का अभाव था, लेकिन नयी पीढ़ी के अधिकतर किसान शिक्षित हैं। उनके शिक्षित होने के नाते उन्हें बहुत मदद मिलती है। वे प्रयोगशाला में अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण करवा लेते है। इस प्रकार, वे समझ जाते की उनके क्षेत्रों में सबसे ज्यादा फसल किसकी होगी। भारतीय किसान, आज सरल संभव तरीके से सामाजिक समारोह मनाता है। फिर भी अभी हर किसान खुशहाल नहीं है। सरकार के प्रयास हर किसान तक पहुंचें, यही कोशिश होनी चाहिए, क्योंकि भारत कृषि प्रधान देश है। भारतीय किसानों की हालत में सुधार किया जाना चाहिए। उन्हें खेती की आधुनिक विधि सिखाया जाना चाहिए। उन्हें हर संभव तरीके में सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जानी चाहिए। फसल चक्र प्रणाली और अनुबंध फसल प्रणाली कुछ राज्यों में शुरू कर दिया गया। इस तरह के कदम किसानों को सही दिशा में ले जाते हैं और लंबे समय तक किसानी करने में मदद करते हैं। भारत का कल्याण किसानों ही पर निर्भर करता है।

सदाकत अर्थात सच्चाई, जिया अर्थात प्रकाश

चार तीर

सुनील उत्सव

"बनावट" "सदाकत" "मशवरा" "खामियां"

बनावट छीन लें मुझसे, सदाकत की जिया दे दें।
अगर मैं राह से भटकूँ तो मुझको मशवरा दे दें।।
मैं अपने दिल में ऐसे दोस्तों की चाह रखता हूँ,
जो मेरी खामियां पकड़ें, मुझे डांटें, सजा दे दें।

युवाओं को नशे व दहेज जैसी कुरीति से बचाना जरूरी: टिकैत

- जाट महासभा के समारोह में जिम्मेदारी निभाने का आह्वान

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। जाट महासभा का 25वां प्रतिभा अलंकरण समारोह भोपा रोड स्थित पंजाबी बारात घर पर किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं, प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। महासभा ने मरणोपरांत स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत एवं पूर्व राज्यपाल विरेन्द्र सिंह को जाट रत्न से सम्मानित किया। वहीं जाट समाज के लिए आजीवन समर्पित एवं अपने खून पसीने से सींचने वाले डॉ. राम कृष्ण, डॉ. उदयवीर सिंह, मास्टर अनूप सिंह, पूर्व सभासद विरेन्द्र मुन्ना को मरणोपरांत जाट गौरव दिया गया। इसी के साथ जनपद जाट महासभा संस्थापक सदस्य व व्यापारी नेता जयबीर सिंह को जाट गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। किसान चिंतक कमल मित्तल को भी कार्यक्रम में भाकियू प्रमुख चौ. टिकैत ने सम्मानित किया। पंजाबी बारातघर में आयोजित जाट महासभा अलंकरण समारोह की अध्यक्षता बालियान खाप के चौधरी भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने की। मुख्य अतिथि डॉ. राममोहन चेयरमैन सुदिती लोबल एकेडमी मैनपुरी एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल रायल रहे। कार्यक्रम का संचालन ओमकार अहलावत एवं जयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अलंकरण समारोह के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि जाट समाज में बढ़ रही कुरीति, नशाखोरी एवं दहेज के खिलाफ जाट महासभा एवं हम सब लोगों को प्रयास करना चाहिए। इन बुराइयों के कारण ही समाज और देश की युवा पीढ़ी अपने रास्तें से भटक रही, सब युवा देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को इस पीढ़ी को संवारने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी, जिससे समाज और देश आगे बढ़ सके। मुख्य अतिथि एवं शिक्षाविद राममोहन ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि मनुष्य बिना शिक्षा पशु के समान है और आज के युग में यदि आगे बढ़ना है तो शिक्षा बहुत जरुरी है। जनपद जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने जनपद भर से आए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केडी वर्मा, देवी सिंह, नरेन्द्र पाल सिंह, मनोज राठी, अनुज बालियान, देवेन्द्र तोमर, देवीराम सहित हजारों लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

उत्तर प्रदेश महिला अपराध में सबसे ऊपर हो गया है : श्रीवास्तव

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बुस.)। समाजवादी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव इस समय प्रदेश भ्रमण पर निकली हुई है। उनका कहना है कि प्रदेश की 10 सीटों पर उपचुनाव होना है, जिसकी तैयारी को लेकर वे प्रदेश के कई जिलों में जा चुकी हैं, जहां चुनाव होना है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश की हालत बहुत खराब है। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश महिला अपराध में सबसे ऊपर हो गया है। महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभाओं में उपचुनाव होना है। मीरापुर विधानसभा में भी उपचुनाव होना है, जिसकी तैयारी को लेकर सपा कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हो जाएं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में महिलाओं को भी मजबूत बनाना है और प्रत्येक बूथ पर महिलाओं की टीम बनाई जाएगी, जो मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव में मजबूती से कार्य

करेगी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिसे भी मीरापुर से टिकट देंगे, पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ उन्हें चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकारआज महिलाओं की सुरक्षा में पूरी तरह फेल है। आए दिन महिलाओं के साथ घटनाएं घट रही है और सरकार देख रही है। पत्रकार वार्ता को पूर्व सांसद कादिर राणा और सपा जिला अध्यक्ष जिया चौधरी ने भी संबोधित किया और कहा कि मीरपुर उपचुनाव में सपा जीतेगी, विपक्षी देखते रह जाएंगे। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, महिला सभा की अध्यक्ष सुषमा सैनी, सलीम मलिक, गोल्डी अहलावत, साजिद हसन, राहुल वर्मा, वकीला बेगम, गीता कश्यप, संतोष ग्गिनिया आदि सपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

यूपी में सात पीपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसी)। यूपी में सात पीपीएस अफसरों में डीएसपी के तबादले किये गये हैं। माना जा रहा है कि पुलिस विभाग में जल्द अन्य अधिकारियों के भी तबादले की तैयारी है। पीपीएस संवर्ग के बीते दिनों पदोन्नति पाए अधिकारियों को भी जल्द अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती दी जाएगी। पुलिस विभाग में आईपीएस अधिकारियों के साथ ही पीपीएस अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला जारी है। डीजीपी मुख्यालय ने सात पुलिस उपाधीक्षकों की तबादला सूची जारी की है। डीजीपी मुख्यालय में तैनात अजय कुमार सिंह को गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनाती दी गई है। इनमें डीएसपी रवि कुमार सिंह को गाजियाबाद कमिश्नरेट से गोरखपुर भेजा गया है। अजय कुमार सिंह चुनाव प्रकोष्ठ, डीजीपी मुख्यालय से गाजियाबाद कमिश्नरेट, दरवेश कुमार को सिद्धार्थनगर से गोरखपुर में तैनात किया गया है। डीएसपी नितिन तनेजा गोरखपुर से वाराणसी कमिश्नरेट, देवी दयाल रेलवे, मुरादाबाद से एलआईयू, गोरखपुर भेज गए हैं।

जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बुस.)। आज हिंदू युवा वाहिनी के द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। जिला अध्यक्ष प्रहलाद पाहुजा ने बताया कि अगर बांग्लादेश में जब तक हिंदुओं को सुरक्षित वापस भारत नहीं लाया जाएगा, तब तक वह बांग्लादेशी हिंदुओं की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उनकी मांगों में बांग्लादेश में वापस मंदिरों का निर्माण हो, हिंदुस्तान में जितने बांग्लादेशी मुसलमान है इन सबको वापस बांग्लादेश भेजा जाए। मृतक बांग्लादेशी हिंदुओं को एक-एक करोड रुपए मुआवजा दिया जाए।

हिंदू शरणार्थियों को बॉर्डर पर घुसने नहीं दे रही मोदी सरकार: अजय राय

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसी)। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बांग्लादेश के मुद्दे पर प्रदेश और केंद्र की सरकार को जिम्मेदार भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म को अपनी सियासत का आधार बना कर सिर्फ वैमनस्यता फैलाने का काम योगी जी करते हैं। बांग्लादेश के मुद्दे पर जिस तरह की स्तरहीन बयानबाजी वो कर रहे हैं वो निहायत निंदनीय है। इस प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार निहायत झूठी है, बॉर्डर पर आने वाले हिन्दू शरणार्थियों को घुसने नहीं दिया जा रहा और यहां योगी सीना पीट-पीट कर चिल्ला रहे हैं कि हम हिन्दुओं की रक्षा करेंगे। राय ने कहा कि सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में संपूर्ण विपक्ष ने एक स्वर में सरकार को इस मुद्दे पर अपना समर्थन दिया था। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताते हुए सरकार से पूछा था कि भारत सरकार इसे रोकने के लिए क्या कर रही है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि योगी केन्द्र में अपनी सरकार से सवाल करने के बजाय यहां उप्र में बांग्लादेश की आड़ में वोट लेने के लिए धार्मिक विद्वेष फैला रहे हैं। राय ने कहा कि पड़ोस में हुए इतने दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम पर बुलाई गई सर्वदलिय बैठक में खुद प्रधानमंत्री शामिल नहीं हुए। इससे इस गंभीर मसले पर और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री की संवेदनहीनता का पता चलता है।

चरण सिंह स्पोटर्स स्टेडियम में वेटलिफ्टिंग चयन प्रक्रिया प्रारंभ

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर में जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा वेट लिफ्टिंग सीनियर स्टेट में रविवार को सहभागिता करने के लिए वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। सीनियर स्टेट में खिलाड़ियों की सहभागिता के लिए चयन प्रक्रिया कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष व समाजसेवी कुंवर देवराज पंवार ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन की सचिव प्रीति भारद्वाज और कोषाध्यक्ष अमरनाथ त्यागी एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम वेट लिस्टिंग कोच रेनू रानी, विनीत और बड़े बाबू राजेश कुमार एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम का तमाम स्टाफ कर्मचारी एवं वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। चौधरी चरण सिंह स्पोटर्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के बीच वेट लिफ्टिंग की ट्रायल प्रक्रिया दोपहर बाद प्रारंभ हुई। जिसमें खिलाड़ियों का चयन सीनियर स्टेट के लिए किया गया। कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर जनपद के वेट लिफ्टिंग खिलाड़ियों ने अपना पहले वेट कराया उसके बाद अपना परिचय लिखवाया और ट्रायल प्रक्रिया में सम्मिलित हुए वेट लिफ्टिंग ट्रायल प्रक्रिया में बड़ी संख्या में जनपद के वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी शामिल रहे। इस दौरान जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर देवराज पंवार और सचिव प्रीति भारद्वाज व कोषाध्यक्ष अमरनाथ त्यागी ने वेट लिफ्टिंग खिलाड़ियों को बधाइयां देते हुए शुभकामनाएं दी।

एडीजी ने एसएसपी को दिए नई उम्र के संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन द्वारा रविवार को स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आगामी स्वतन्त्रता दिवस, त्यौहारों तथा पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। अपर पुलिस महानिदेशक ध्रुवकांत ठाकुर द्वारा पुलिस लाईन सभागार कक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान एसएसपी अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ एडीजी जोन ने सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर चर्चा की। एडीजी ने कांवड यात्रा-2024 को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिये सभी अधिकारी/कर्मचारी को बधाई दी। उनके द्वारा कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शराब, खनन, गौकश-गौतस्कर, भूमाफिया तथा मादक पदार्थ तस्करों आदि के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही, गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने तथा मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु विभिन्न कार्यक्रम व गोष्ठी करने के निर्देश दिये गये। जनपद में आगामी स्वतन्त्रता दिवस, रक्षाबन्धन के दौरान विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए असामाजिक तत्वों, नई उम्र के संदिग्ध लड़कों, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, तेज रफ्तार मोटरसाईकिल, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट के वाहन, पटाखे वाली बुलेट आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर ने लंबित विवेचनाऐं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट तथा लागू होने वाले नवीन तीन कानूनों आदि की समीक्षा की। साथ ही आरक्षी नागरिक पुलिस लिखित परीक्षा हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करते रहने, परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों, जैमर, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की समुचित व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान मुख्य रूप से एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, एसपी यातायात कुलदीप सिंह सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी और थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

माननीय सरकार्यवाह द्वारा बांग्लादेश की परिस्थिति पर वक्तव्य

विगत कुछ दिनों से बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान हिन्दू, बौद्ध तथा वहाँ के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रही हिंसा की घटनाओं पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गंभीर चिंता व्यक्त करता है । बांग्लादेश में हिन्दू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या, लूटपाट, आगजनी, महिलाओं के साथ जघन्य अपराध तथा मंदिर जैसे श्रद्धा स्थानों पर हमले जैसी क्रूरता असहनीय है तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी घोर निंदा करता है ।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपेक्षा है कि वह तुरन्त सख्ती से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाये और पीड़ितों के जान, माल व मान की रक्षा की समुचित व्यवस्था करे। इस गंभीर समय में विश्व समुदाय तथा भारत के सभी राजनीतिक दलों से भी अनुरोध है कि बांग्लादेश में प्रताड़ना के शिकार बने हिन्दू, बौद्ध इत्यादि समुदायों के साथ एकजुट होकर खड़े हों।

श्री दत्तात्रेय होसबाले सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **KHALDA PERVEEN** से बदलकर **KHALDA PARVEEN** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे **KHALDA PARVEEN** के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

खालदा प्रवीन
(KHALDA PARVEEN)
पुत्री तहकीक इलाही
66/1, पीरजादगान, शहीद चौक
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)251002

भाजपाई घर-घर जाकर बांटेंगे तिरंगा झंडा

बुढ़ाना, 10 अगस्त (बुस.)। आज भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल की मीटिंग हर घर तिरंगा महाभियान को बुढ़ाना मंडल में सफल बनाने के लिए हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष नितिन मलिक रहे। नितिन मलिक ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान मां भारती की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले स्वतंत्रता वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है। हर घर तिरंगा अभियान को घर घर तक पहुंचाना है और सभी को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर साइट पर नमो ऐप सरल ऐप पर अपलोड करनी है और आगामी 11 अगस्त को तिरंगा बाईक रेली, 12 और 13 अगस्त को महान विभूतियों की मूर्तियों व स्थलों की सफाई एवम 14 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वितरीत किए जाएंगे। मीटिंग की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत ठाकुर ने की। संचालन मंडल महामंत्री व पूर्व सभासद मुकेश शर्मा ने किया। यहां मुख्य रुप से बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद अजय संगल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षा नीलू शर्मा, पूर्व सभासद प्रत्याशी और शक्ति केन्द्र के संयोजक शाहिद असलम, बुढ़ाना मंडल उपाध्यक्ष पुनीत पंवार, मनमोहन कश्यप, सचिन चौहान, तेजेंद्र पाल, अरविंद ठाकुर, गौरव त्यागी, दुष्यंत और पप्पू सफीपुर आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिमाचल प्रदेश: बारिश से हुए हादसों में 12 और लोगों के मारे जाने की आशंका

शिमला, 11 अगस्त (वार्ता) हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में रविवार को अचानक आई बाढ़ की कई घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हो गए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सूत्रों के अनुसार ऊना जिले के देहलान गांव के नौ लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए ऊना से पंजाब के होशियारपुर जिले के माहिलपुर जा रहे थे, तभी होशियारपुर जिले की माहिलपुर तहसील के जैजों गांव में अचानक आई बाढ़ में उनका वाहन फंस गया। और वे पानी में बह गये। अब तक नौ लोगों के शव बरामद हो चुके हैं और दो अन्य लोगों की तलाश जारी है। अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। एक अन्य घटना में ऊना में हरोली तहसील के बाथरी में प्रीतिका फैक्ट्री के पास अचानक आई बाढ़ में तीन लोगों की मौत हो गई और एक लापता है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में चार लोग बह गए और अब तक तीन शव बरामद किए जा चुके हैं और एक अभी भी लापता है। मृतकों की पहचान बिहार के बेगुसराय की रहने वाली राशि कुमारी (7), मनीषा (18) और तनु (4) के रूप में की गई। इस बीच आज राज्य में भूस्खलन, बाढ़ और जलभराव की 23 घटनाएं सामने आईं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने दावा किया कि 11 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, पांच गौशालाएं और इतने ही घर भी बारिश में बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। बिलासपुर के भजून गांव, मुहाल चकारा और मुहाल ट्रैहेड, कुल्लू के बागशाडी और उदयपुर लाहौल स्पीति के कधू नाला, रंधरा, नेरधरवासड़ा, मंडी के कायोन, मसेरन और सकलान गांव, सोलन के शिमला जोबी के तारापुर में आठ भूस्खलन हुए। पांवटा साहिब तहसील के कोलार में कटसन गांव के पास फंसे सात लोगों को बचा लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, कुल्लू, शिमला और मंडी जिलों में बारिश की त्रासदी के बाद बचाव अभियान जारी है। कुल्लू के जाओं और भागीपुल, शिमला के समेज और मंडी के टिक्कन में अचानक आई बाढ़ की घटना में लापता कुल 55 लोगों में से 28 शव बरामद किए गए और 27 अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए केवल 15 शवों की ही पहचान की जा सकी है।

खराब प्रदर्शन वाले जिलों के पुलिस अफसरों पर सीएम सख्त, नहीं सुधरे तो गिरेगी गाज

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित अपराधों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों कड़ी फटकार लगायी है साथ ही सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। माना जा रहा है कि सीएम योगी के अल्टीमेटम के बाद भी सुधार न होने पर कई अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। वैसे तो उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश में पहले स्थान पर है। बावजूद इसके प्रदेश के कई जिलों का महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण का अनुपात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षा के अनुरुप नहीं है। सीएम योगी की मंशा है कि महिला संबंधी अपराधों का निस्तारण शत-प्रतिशत होना चाहिये, जबकि प्रदेश के कुछ जिलों का रेश्यो 80 से 90 प्रतिशत के बीच है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी के सामने आईटीएसएसओ पोर्टल के आधार पर 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2024 की रिपोर्ट प्रस्तुत

की। इसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश भर के राज्यों में पहले स्थान पर है। प्रदेश का निस्तारण रेश्यो 98.70 प्रतिशत है। वहीं केंद्र शासित राज्यों में लद्दाख पहले और दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव दूसरे स्थान पर है। इस पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए गृह विभाग की पीठ थपथपाई। वहीं अधिकारियों ने रिपोर्ट के आधार पर सीएम को बताया कि प्रदेश के कुछ जिलों के अधिकारी निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं हैं। रिपोर्ट में उनकी लापरवाही सामने आयी है। इस पर सीएम योगी ने नाराजगी जाहिर करते हुए ऐसे अधिकारियों (एसपी, एसएसपी और पुलिस कमिश्नर) को एक माह में सुधार लाने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही अधिकारियों को एक माह बाद लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट शासन को उपब्लध कराने के निर्देश दिये हैं। माना जा रहा है कि यदि लापरवाह अधिकारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है तो उन पर गाज गिर सकती है। अधिकारियों के अनुसार इन जिलों में निस्तारण का रेश्यो 80 से 90 प्रतिशत के बीच है जबकि सीएम योगी महिला एवं बच्चियों संबंधी अपराधों के निस्तारण का रेश्या शत-प्रतिशत चाहते हैं। गृह विभाग के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस (आईटीएसएसओ) पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज कमिश

नई पीढ़ी में जज्बा दौड़ ने खूब भरा जज्बा, सब दौड़े साथ-साथ

लक्की ड्रा की विजेता रही अलीशा, अन्य को मिला सम्मान

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। रविवार को शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में प्रातः 5:30 बजे एक साथ दौड़ने के लिए आम-ओ-खास नए जोश और उत्साह के साथ दिखाई दिए। इस बीच नगर की सड़कों पर युवाओं के साथ हर किसी के हाथ में तिरंगा, बदन पर जज्बा टी-शर्ट, दिमाग में शहीदों के प्रति समर्पित होकर पसीना निकालने का जज्बा देखने को मिला। कहीं घर-घर तिरंगा, हर-घर तिरंगा, कहीं भारत माता की जय और कहीं 131 फीट ऊँचे तिरंगे के नीचे शहीदों को नमन करते हुए सभी वर्गो के लोग एक साथ दिखाई दिये।

राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान से शुरू हुई जज्बा दौड़ का शुभारंभ पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा व वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप समेत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। जज्बा दौड़ में गुडविल सोसाइटी, भारत विकास परिषद, आईआईए, उद्योग फेडरेशन, रामलीला मंच, पतंजलि ग्रुप, रोटरी क्लब, धर्म गुरू, लायंस क्लब, समस्त समाज, स्काउट गाइड, शहीद भगत सिंह एकता मंच, महिला शक्ति आदि ने देश को समर्पित जज्बा दौड़ में दौड़ने वालों का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करते हुए अभिनंदन किया। छात्राओं व महिलाओं की दौड़ गवर्नमेंट कॉलेज के गेट नं. एक से 131 फीट ऊंचे तिरंगे को नमन करने के बाद महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, झांसी रानी, प्रकाश चौक से महावीर चौक होते हुए गवर्नमेंट कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान उत्सव में परिवर्तित हो गई। दूसरी ओर छात्रों एवं पुरुषों की दौड़ लगभग 15 मिनट बाद गवर्नमेंट कॉलेज के गेट नं. 2 से महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, जिला अस्पताल, घास मंडी, अंसारी रोड़, मालवीय चौक, झांसी रानी, प्रकाश चौक पुनः महावीर चौक होकर गवर्नमेंट कॉलेज में लक्की ड्रॉ विजेताओं के देशभक्ति कार्यक्रम के रूप में परिवर्तित हो गई। दोनों ही जज्बा दौड़ के आगे समर्पित युवा समिति के जांबाज पाइलट के रूप में रहे। जज्बा दौड़ को सफल बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रात्रि से बड़े वाहनों का आना-जाना इस मार्ग पर कंट्रोल कर लिया था। वहीं पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने पीने का पानी, शौच आदि की व्यवस्था के साथ दौड़ रूट पर कली, लाइट, गड्ढ़ा मुक्त सड़कें आदि व्यवस्था कर दी गई थी। दौड़ के संचालक व सहयोगी सत्यप्रकाश रेशू ने बताया कि जज्बा दौड़-10 घर-घर तिरंगा, हर-घर तिरंगा फहराने के लिए आयोजित की गई। जिससे युवा पीढ़ी में शहीदों की कुबार्नी भरी जा सके। दौड़ में सभी पंजीकृत भागीदारों को स्पॉन्सर्स द्वारा दी गई फ्री टी-शर्ट के साथ लक्की ड्रा से 2 स्कूटर, 16 साइकिल, 5 पानी बोतल, 5 छतरी आदि पुरस्कार निकाले गये। दौड़ के बाद अक्षय अक्की रैपर, मोदीनगर से आई गतका टीम, नोएडा से कवियत्री प्रीती अग्रवाल ने देश भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एनाउंसर डॉ. प्रवीण व सुचित्रा की एनाउंसिंग ने सभी के अन्दर एक नया जज्बा शहीदों के प्रति दौड़ने के लिए भर दिया। जज्बा दौड़ में महिलाओं में मनी पटपटिया, राखी ग्रोवर, मोनाली पंवार, शालिनी आनंद, पारूल कुमार, अंशु भाटिया, सिमरन शर्मा, गरिमा सिंह, नैनसी गर्ग व पुरुषों में अमित पटपटिया, हितेश आनंद, अजय अनेजा, गुलशन अरोड़ा, हिमांशु शर्मा, कार्तिक, कपिल बंसल, राजकुमार ग्रोवर, अचिन मक्कड़, अगम बंसल, सुनील गोयल, मनीष कपूर, हर्ष पहुजा, मनीष भारती, रमन शर्मा, अतुल कौशिक, जोगेंद्र हुड्डा आदि मुख्य रूप से सम्मिलित रहे।

रक्तदान शिविर में 43 रक्त वीरों ने किया ब्लड डोनेशन

डॉ. मोहित कुमार व संगीता भाटिया ने जीती साइकिल

मुजफ्फरनगर। जज्बा दौड़-10 के दौरान सहारनपुर से ब्लड डोनेशन की पहुंची टीम यूपी सरकार की ब्लड डोनेशन वैन को लेकर गवर्नमेंट कॉलेज मुजफ्फरनगर की जज्बा दौड़ में पहुंची। यहां पर कुशल डॉक्टरों की टीम के माध्यम से 43 जज्बा सहयोगियों ने ब्लड डोनेशन किया। रक्तदान शिविर में महेश बाटला व पूजा शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। समर्पित युवा टीम की ओर से शुरू किए इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को ब्लड मिल सके व उनके स्वस्थ जीवन बना रहे। इस अवसर पर ब्लड डोनेट करने वालों को एक-एक सर्टिफिकेट भी दिया गया। ब्लड डोनेशन करने वालों के लिए लक्की ड्रा का आयोजन भी किया गया जिसमें डॉक्टर मोहित कुमार व संगीता भाटिया ने एक-एक साइकिल का पुरस्कार जीता।

गांव के गेट पर अज्ञात वस्तु छोड़ भागे युवक और युवती

जानसठ, 11 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के एक गांव के गेट पर बाइक सवार युवक और युवती प्लास्टिक के थैले में अज्ञात सामान छोड़कर भाग गए। वहां पर खड़े कुछ युवकों ने दोनों का पीछा किया, लेकिन दोनों मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने अज्ञात वस्तु की सूचना पुलिस को दी है। रविवार की शाम को जानसठ से मेहलकी मार्ग पर बने गांव खलवाड़ा के गेट के पास एक युवक और युवती बाइक द्वारा आकर रूके। वह प्लास्टिक के थैले में कुछ सामान लिए हुए थे। उन्होंने जैसे ही वह सामान गांव खलवाड़ा के गेट के पास रखा। वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें समान रखते हुए देख लिया, तभी ग्रामीणों ने उन्हें रूकने का इशारा किया, परंतु युवक और युवती बाइक लेकर वहां से भाग निकले। ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों में यह बात चर्चा का विषय बनी हुई है कि आखिर यह लोग प्लास्टिक के थैले में क्या रख कर गए हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। ग्राम प्रधान ने बताया कि पुलिस का फोन आया था कि प्लास्टिक के थैले में जो भी समान है, उसे उठाकर रख लो। बरसात बंद होने पर हम आकर देख लेंगे, लेकिन ग्राम प्रधान प्रवेश कुमार का कहना है कि यह गंधक पोटाश जैसा कुछ सामान है, मैं इसे घर पर ले जाकर नहीं रखूंगा। पुलिस ने इस प्रकार की जानकारी होने से इन्कार किया है।

आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी की अपने नायक से मारपीट

▶ जज्बा दौड़ में सफाई कार्य पर टोकने पर वार्ड 29 के सफाई नायक पर किया हमला ▶ नायक ने दी तहरीर, स्वास्थ्य अधिकारी से की गई शिकायत ▶ आरोपी आउटसोर्स कर्मी को हटाने की होगी कार्यवाही

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। नगरपालिका की ओर से रविवार को स्वतंत्रता दिवस पर समर्पित युवा समिति की ओर से आयोजित जज्बा-10 दौड़ के आयोजन में साफ सफाई के लिए अपने कर्मचारी को टोका टाकी करना एक सफाई नायक को भारी पड़ा। आरोप है कि इस मामले में वार्ड 29 में आउटसोर्स सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य करने वाले युवक ने सफाई नायक से अभद्रता करते हुए उस पर हमला कर दिया। इस मामले में पीड़ित सफाई नायक ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

नगरपालिका परिषद् के वार्ड 29 सुजडू क्षेत्र के सफाई नायक दीपक कुमार रविवार को सवेरे से ही सरकूलर रोड और सुजडू चुंगी आदि क्षेत्र में विशेष तौर पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में जुट गये थे। क्योंकि रविवार को समर्पित युवा समिति के द्वारा जज्बा दौड़ का आयोजन प्रस्तावित था और इसी रूट से यह दौड़ होनी थी। आरोप है कि वार्ड 29 में कार्य करने वाले उक्त आउटसोर्स सफाई कर्मी आशीष कुमार को जब सफाई नायक ने क्षेत्र में सफाई कार्य करने के लिए टोका तो आशीष ने अपने नायक के साथ अभद्रता कर दी। इसका विरोध करने पर आउटसोर्स कर्मी ने सफाई नायक पर हमला करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसमें नायक के कपड़े फट गये व चोट आई। दूसरे कर्मियों ने नायक दीपक को बचाया। इसके बाद सफाई नायक सीधे सिविल लाइन थाने पहुंचा और आरोपी कर्मी आशीष के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की।

सफाई नायक दीपक कुमार ने पुलिस को शिकायत में कहा कि उसने केवल कर्मचारी से इतना ही पूछा था कि उसने आज कहां और कितना काम किया है। वहीं दूसरी ओर सफाई नायक ने इस मामले में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से शिकायत कर आरोपी सफाई कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

इन्होंने बताया-नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि वार्ड 29 के सफाई नायक को जज्बा दौड़ आयोजन में अपने क्षेत्र में विशेष तौर पर सफाई व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया था। सफाई नायक ने शिकायत की कि जब वो कर्मचारियों के साथ सफाई कार्य कराने में व्यस्त था तो आउटसोर्स कर्मचारी आशीष ने उस पर हमला करते हुए मारपीट की। इसमें उसको चोट आई है। यह प्रकरण गंभीर होने के कारण आउटसोर्स कर्मी की कार्यदायी ठेकेदार को आरोपी कर्मी को हटाने के निर्देश दिए।

महिला ने चार युवकों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, कार्यवाही न होने पर मांगी इच्छा मृत्यु

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। खतौली क्षेत्र की एक महिला ने भोपा क्षेत्र के चार युवकों पर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़िता ने कार्यवाही न होने पर अपने दो बच्चों समेत इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता ने एसएसपी के नाम दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी 2019 में हुई

▶ पीड़िता ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर लगाई इंसाफ की गुहार

थी, जहां पर भोपा के एक युवक का आना जाना था। मार्च 2024 में आरोपी अपने तीन साथियों के साथ उसे बहाने से देहरादून ले गया था, जहां पर शारीरिक शोषण करते हुए उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली थी। आरोपियों ने यह वीडियो उसकी ससुराल तक पहुंचा दी, जिस कारण पति ने तलाक ले लिया। उसके बाद भी आरोपी पक्ष वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण करता चला आ रहा है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई, यदि पुलिस इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करती है तो उसके अपने दो बच्चों के साथ इच्छा मृत्यु की मंजूरी दी जाये।

क्रांतिसेना से जुड़ी महिलाओं ने पुलिस की अभद्रता के विरोध में घेरी कोतवाली

▶ पुलिस द्वारा खेद व्यक्त किये जाने पर महिला प्रदर्शनकारी हुई शांत

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। प्लाट के विवाद में कोतवाली गई महिला से अभद्रता के विरोध में क्रां तिसेना महिला मोर्चा ने थाने का घेराव किया। पुलिस द्वारा खेद जताये जाने के बाद महिलाएं वापस लौट आई। बताया गया है कि प्लाट से जुड़े विवाद में एक महिला कोतवाली गई थी। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसका मोबाइल फोन तक छीन लिया था। पीड़िता ने क्रांतिसेना महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी से मिलकर पुलिस की मनमानी की शिकायत की थी। पूनम चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं ने रविवार को शहर कोतवाल अक्षय शर्मा से मिलकर कड़ी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि महिलाओं के मान सम्मान को ठेस नहीं लगने दी जायेगी। पूरी बात सुनने के बाद कोतवाली प्रभारी ने कहा कि यदि महिला के मान सम्मान को ठेस पहुंची तो वो इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। पुलिस को पहले से ही हिदायत है कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी तरह का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। इस आश्वासन पर महिलाएं शांत हुई और वापस लौट आई। पूनम अग्रवाल, पूनम चाहल, राखी मित्तल, सुमन प्रजापति, ममता चौधरी, रिया चौधरी, सविता गौतम, मधु तायल और अनिता प्रजापति इस दौरान प्रमुख रूप से मौजूद रही।

दबंगों पर मां बेटियों के साथ बंधक बनाकर बुरा काम करने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। पुरकाजी क्षेत्र के एक शख्स ने दबंगों पर पत्नी और दो बेटियों को बंधक बनाकर बुरा काम करने का आरोप लगाया है। बेटियां तो उनके चंगुल से बचकर आ गई, जबकि पत्नी उनके कब्जे में है। मंत्री अनिल कुमार ने इस मामले में सीओ सदर को जांच कर कार्यवाही करने के लिए कहा है।

▶ पीड़ित पक्ष ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार से मिलकर की शिकायत, पुलिस कर रही है मामले की जांच

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुरकाजी क्षेत्र निवासी पीड़ित ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार से मिलकर बताया कि उसकी पत्नी और दो नाबालिग बेटियां बाग में मजदूरी के लिए जाती थीं। 16 जुलाई को तीन आरोपी उसकी पत्नी और बेटियों को बहला फुसलाकर कहीं ले गये। पहले उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। 23 जुलाई को दोनों बेटियां मुक्त होकर आई तो पूरे घटनाक्रम का पता चला। आरोप है कि नशीली दवाई खिलाकर उनके साथ बुरा काम किया गया। पीड़ित का आरोप है कि इस मामले में पुलिस में शिकायत किये जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने सीओ सदर को मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही और जांच करने के लिए कहा है।

अनंतनाग में जारी मुठभेड़ में घायल नागरिक की मौत, मरने वालों की संख्या तीन हुई

श्रीनगर, 11 अगस्त (वार्ता) जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक नागरिक की रविवार को मौत हो गई, जिससे दो सुरक्षाकर्मियों सहित मरने वालों की संख्या तीन हो गई। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ में घायल हुए नागरिकों में से एक ने रविवार को यहां एक अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मंत्री अनिल कुमार ने टोल को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

छपार, 11 अगस्त (बु.)। प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री एवं पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल कुमार ने प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर रोहाना टोल प्लाजा के दस किमी के दायरे में पड़ने वाले पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के गांव रामपुर, मलीरा, बाननगर, जटनगला, कल्लरपुर, कछौली, दीदाहेड़ी को रोहाना टोल टैक्स से मुक्त करने के संबंध में पत्र लिखा है। मंत्री ने कहा कि टोल से आठ किमी दूर पड़ने वाले रणखंडी को टोल टेक्स से मुक्त रखा गया है, जबकि टोल से छह से आठ किमी की दूरी पर पड़ने वाले गांवों के लोगों को टैक्स देना पड़ रहा है। प्रतिदिन ग्रामवासी टोल से गुजरते है, तो उनसे टोल वसूला जाता है। मंत्री ने मुख्य सचिव से उपरोक्त समस्या पर गंभीरता से विचार कर संबंधित अफसरों को निर्देशित करने की मांग रखी है। बताते चले कि रोहाना टोल पर प्रतिदिन टोल को लेकर ग्रामीणों से विवाद की स्थिति पैदा होती है, जिसको लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुरकाजी विधायक एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग रखी गई थी।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर अफसरों ने किया खेला, एनजीटी कोर्ट ने लगाई फटकार

▶ 15 मीटर के बजाए काट दिए 30 मीटर तक कीमती हरे पेड़ ▶ परियोजना में मार्ग पर 10 बड़े व 27 छोटे पुल के साथ रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण
▶ मुख्य सचिव ने दौरा कर दिए अफसरों पर कार्रवाई के संकेत ▶ एनजीटी कोर्ट में 16 सितंबर को देना होगा गठित टीम को जवाब

मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)। कांवड़ यात्रा मार्ग पर गंग नहर पटरी के चौड़ीकरण के लिए गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर तक बीते दिनों काटे गए 1.12 लाख पेड़ों की जांच के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने हाईपॉवर कमेटी बना दी। इस कमेटी में पर्यावरण निदेशक, सीनियर साइंटिस्ट, यूपी के चीफ सेक्रेटरी और मेरठ के डीएम हैं। ये कमेटी जांच करेगी कि परमिशन की आड़ में क्षेत्र में तय क्षमता से ज्यादा क्षेत्र में पेड़ काटे गए हैं या नहीं। एनजीटी में इस केस की अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। गंगनहर पटरी पर पेड़ कटान की जांच करने बीते दिनों प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आए थे। उन्होंने गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर तक दौरा किया। उन्होंने माना कि कुछ पेड़ गलत तरीके से काटे गए। उन्होंने अफसरों को चेतावनी दी कि कार्रवाई के लिए तैयार रहना।

मेरठ के सरधना क्षेत्र से सपा विधायक अतुल प्रधान ने ये मुद्दा विधानसभा में पहुंचाया। बीते 9 अगस्त को एनजीटी कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। इसमें गाजियाबाद व मुजफ्फरनगर के डीएफओ व मेरठ के एसडीओ और रेंजर मौजूद रहे। एनजीटी ने चार वरिष्ठ अफसरों की कमेटी बना दी है, जो जांच रिपोर्ट देगी। एनजीटी में इस केस की सुनवाई 16 सितंबर को होगी। मेरठ सीमा में कांवड़ पटरी मार्ग पर 84.60 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि का अधिग्रहण करते हुए 66,685 पेड़ काटे जाने हैं। मुजफ्फरनगर सीमा में कांवड़ पटरी मार्ग के लिए 113.68 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि का अधिग्रहण करते हुए यहां 16873 पेड़ काटे जाने हैं। वहीं गाजियाबाद सीमा में कांवड़ पटरी मार्ग के लिए 24.70 हेक्टेयर वन भूमि अधिग्रहण कर 29,164 पेड़ काटे जाने हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल इस प्रोजेक्ट में गाजियाबाद से मेरठ होते हुए मुजफ्फरनगर तक बनने वाले कांवड़ मार्ग की लागत 628 करोड़ रुपये से बढ़कर 701 करोड़ हो गई है। इसके साथ ही गंगनहर की दायीं पटरी पर दो लेन के 110 किमी लंबे चौ. चरण सिंह कांवड़ मार्ग बनने की अंतिम अड़चन दूर हो गई है। बता दें, इस परियोजना में कांवड़ यात्रा मार्ग पर 10 बड़े पुल, 27 छोटे पुल और एक रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल हैं। गंगनहर पटरी गाजियाबाद के मुरादनगर से प्रारंभ होती है और रुड़की में जाकर निकलती है। इस पटरी का चौड़ीकरण किया जाना है। मुरादनगर से पुरकाजी (मुजफ्फरनगर) तक 1 लाख 12 लाख पेड़ों का कटान कार्य शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि एनजीटी ने सिर्फ 15 मीटर चौड़ाई क्षेत्र में पेड़ काटने की अनुमति दी थी, लेकिन इसकी आड़ में 30 मीटर तक पेड़ों का कटान हुआ है, जिसका संज्ञान लेने के साथ एनजीटी कोर्ट ने प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए जवाब तल किया है, जिससे अधिकारियों में हड़कंप मचा है।

मीरापुर पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगी

मीरापुर, 11 अगस्त (बु.)। भूम्मा नहर पुल से तुल्हेड़ी मार्ग पर ट्रांसफार्मर चोरी कर भाग रहे बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये, जबकि भाग रहे एक अन्य बदमाश को पुलिस ने काम्बिंग कर खेत से गिरफ़्तार कर लिया, जबकि चौथा बदमाश खेतों के रास्ते फरार हो गया। सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के तहत मीरापुर इंस्पेक्टर दिनेशचन्द्र बघेल के नेतृत्व में शनिवार की देररात्रि मीरापुर पुलिस भूम्मा नहर पुल से तुल्हेड़ी की ओर जाने वाले रास्ते पर गश्त कर रही थी। इस दौरान तुल्हेड़ी के जंगल में कुछ बदमाश ट्रांसफार्मर चोरी कर रहे थे, जो कि पुलिस को देखकर भागने लगे, जब पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, तो पुलिस की गोली दो बदमाशों को जा लगी, जिसके बाद पुलिस ने गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को दबोच लिया, जबकि दो बदमाश खेतों में घुस गए, जिनमें से एक बदमाश को पुलिस ने काम्बिंग कर पकड़ लिया। गोली लगने से घायल पकड़े गए बदमाशों में एक बदमाश शातिर लुटेरा अलीशेर पुत्र शाहबुद्दीन निवासी मोहल्ला मुन्नालाल, थाना मवाना निकला, जबकि दूसरे ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम इरशाद उर्फ भोला पुत्र लियाकत निवासी गांव मंढियाई थाना सरधना बताया, जबकि पुलिस काम्बिंग के दौरान खेत से पकड़े गए तीसरे बदमाश ने अपना नाम अजरूद्दीन उर्फ अजरु पुत्र रहीमुद्दीन निवासी सराबा थाना हापुड़ नगर बताया। इंस्पेक्टर दिनेशचंद्र बघेल ने बताया कि उक्त बदमाशों ने करीब एक माह पूर्व 9 जौलाई की रात में नंगलाखेपड निवासी बलीराम पुत्र शीशपाल के नलकूप पर चोरी की थी। पुलिस को बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर व चार जिन्दा कारतूस बरामद व दो खोखा कारतूस बरामद हुए तथा एक होंडा सिटी कार बरामद हुई। पुलिस को बदमाशों द्वारा चोरी के लिए तोड़ा गया ट्रांसफार्मर भी पड़ा मिला। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर के अलावा रामराज व जानसठ पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भिजवाया।

एक बदमाश पर दर्ज है 43 मुकदमें

मीरापुर, 11 अगस्त (बु.)। सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल हुए दोनों बदमाश बेहद शातिर है, इनमें से एक बदमाश अलीशेर पर कई जनपदों में लूट-चोरी जैसे करीब 43 मुकदमें दर्ज हैं।

किसानों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी सौगात, अधिक उपज वाली फसलों की 109 किस्में जारी

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त किस्में जारी की। इस दौरान पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। नई फसल किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कृषि में वेल्यू एडिशन के महत्व पर जोर दिया। किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बेहद फायदेमंद होंगी क्योंकि इनसे उनका खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी इसका पॉजिटिव प्रभाव देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती मांगों के बारे में भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों की जैविक खाद्य पदार्थों की ओर मांग बढ़ती जा रही है। किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं।